न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी–आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ (आई.ए.एस.)

प्रकरण संख्या
276 / 2023

दायर दिनांक
02.08.2023

निर्णय दिनांक
30.01.2024

उनवान

1. श्री किशनलाल पिता गोपी जाति गुर्जर आयु वयस्क निवासी नौगांवा तहसील भीलवाड़ा जिला भीलवाडा (राज०)
2. श्री गोवर्धनलाल पिता देवा जाति दरोगा आयु वयस्क निवासी नौगांवा तहसील भीलवाड़ा जिला भीलवाडा (राज०)
3. श्री देवीलाल पिता गोपी जाति गुर्जर आयु वयस्क निवासी नौगांवा तहसील भीलवाडा जिला भीलवाडा (राज०)
4. श्रीमती नन्दुदेवी पत्नि देवा जाति दरोगा आयु वयस्क निवासी नौगांवा तहसील भीलवाडा जिला भीलवाडा (राज०)
5. श्री हजारी पिता रामा जाति गुर्जर आयु वयस्क निवासी नौगांवा तहसील भीलवाडा जिला भीलवाडा (राज०)

प्रार्थीगण

बनाम

1. श्री कालु पिता अमरचन्द जाति गुर्जर आयु वयस्क निवासी नौगांवा तहसील भीलवाड़ा जिला भीलवाडा (राज०)
2. श्री गोपी पिता देवा जाति गाडरी आयु वयस्क निवासी नौगांवा तहसील भीलवाड़ा जिला भीलवाडा (राज०)
3. श्रीमती प्यारीदेवी पत्नि लोभा जाति गाडरी आयु वयस्क निवासी नौगांवा तहसील भीलवाड़ा जिला भीलवाडा (राज०)
4. श्री भैरू पिता लोभा जाति गाडरी आयु वयस्क निवासी नौगांवा तहसील भीलवाडा जिला भीलवाडा (राज०)
5. श्रीमती रतनी पत्नि बालकिशन जाति वैष्णव आयु वयस्क निवासी नौगांवा तहसील भीलवाडा जिला भीलवाडा (राज०)
6. श्री हिरा पिता भैरू जाति जाट आयु वयस्क निवासी नौगावा तहसील भीलवाड़ा जिला भीलवाडा (राज०)
7. राजस्थान राज्य जरिए तहसीलदार साहब, भीलवाडा जिला भीलवाड़ा (राज०)

–विपक्षीगण

उपस्थितः–अधिवक्ता प्रार्थी श्रवण कुमार सेन

अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 06 के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाडा

—: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू—राजस्व अधिनियम :—

—: **निर्णय** :—

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीगण ने अप्रार्थीगण के विरूद्ध प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मौजा नोगांवा प0ह0 भोपालगढ़ भू—अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र पुर तहसील व जिला भीलवाडा की जमाबन्दी संवत 2070—2073 के खाता संख्या 300 की अभिलिखित आराजियात 776, 866 कुल किता 02 कुल रकबा 0.2024 हैक्टेयर भूमि प्रार्थी की खातेदारी एवं कब्जे काश्त की है और अप्रार्थीगण जैर—बहस के पडौसी खातेदारान है। प्रार्थीगण एवं विपक्षीगण की आराजियात के बीच कोई स्थाई सीमा चिन्ह नही होने के कारण विवाद होता रहता है। अतः प्रार्थीगण खातेदारी आराजियात की मौके पर अभिलेख अनुसार नपती की जाकर मौके पर स्थाई सीमा चिन्ह स्थापित कराना चाहता है। प्रार्थीगण वर्णित भूमि के खातेदार काश्तकार है।

इस पर प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 06 के समन बाद तामिल प्राप्त होने पर भी नियत पेशी पर आदिनांक को अनुपस्थित रहने से अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 06 के विरूद्ध कार्यवाही एक तरफा किये जाने का आदेश दिया गया। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित। वकील प्रार्थी द्वारा प्रकरण का निस्तारण आज ही किये जाने की ईश्तदुआ की गई। हाजिर वकील प्रार्थी द्वारा निवेदन किया गया कि मामला पत्थरगढी का है व प्रार्थी अपनी आराजियात की पत्थरगढी कराना चाहते है। हमने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। चिंतन मनन् किया एंव पत्रावली को वास्ते आदेश नियत किया गया।

हमने पत्रावली में प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत राजस्व अभिलेख नकल जमाबन्दी का अवलोकन किया गया। प्रकरण के तथ्यों व बहस पर मनन किया। प्रार्थीगण आराजियात जैरबहस के खातेदार काश्तकार होकर इन्हे आराजियात जैर बहस की नपती करा सीमांकन (पत्थरगढी) कराने का अधिकार निहित है। उपर्युक्त विवेचन के क्रम में प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र में अंकित भूमि के खातेदार होने से सीमांकन (पत्थरगढी) कराने के अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाता है।

तहसीलदार भीलवाडा को सीमांकन(पत्थरगढी) कराने का आदेश दिया जाता है कि मौजा नोगांवा प0ह0 भोपालगढ़ भू—अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र पुर तहसील व जिला भीलवाडा की जमाबन्दी संवत 2070—2073 के खाता संख्या 300 की अभिलिखित आराजियात 776, 866 कुल किता 02 कुल रकबा 0.2024 हैक्टेयर भूमि फरिकेन मुकदमा को सूचित किया जाकर उनकी उपस्थिति में कब्जे में बिना किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप किये व किसी न्यायालय का स्थगन न हो तो एवं मौके पर फसल खडी न हो तो बन्दोबस्ती नक्शे अनुसार नपती की जाकर सीमा चिन्ह स्थापित कर सीमांकन(पत्थरगढी) हेतु तहसीलदार भीलवाडा को 1000—00 अक्षरे एक हजार रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है, कमिश्नरी शुल्क रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट मय पर्चा मौका आगामी 15 दिवस में आवश्यक रूप से पेश करे, तथा कमिश्नरी फीस प्रार्थीगण से मौके पर प्राप्त करे। तहसीलदार भीलवाडा तहरीर जारी करे।

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाडा

पत्रावली की निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही अभिलेखागार में भिजवाई जावे। निर्णय आज दिनांक 30.01.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ)
उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा